भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1673

उत्तर देने की तारीख 10 मार्च, 2025
19 फाल्गुन, 1946 (शक)

पश्चिम बंगाल में खेलो इंडिया योजना

†1673. श्री राजू बिष्ट:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिम बंगाल में मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 2019 से स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधि का जिलावार ब्यौरा क्या है; और

(ख) पश्चिम बंगाल में और विशेष रूप से दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और उत्तर दिनाजपुर जिलों में खेलो इंडिया योजना के प्रतिभा पहचान और विकास घटक के अंतर्गत कितने खिलाड़ियों को चिह्नित किया गया और उनकी सहायता की गई ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) इस मंत्रालय में धनराशि का आबंटन स्कीमवार किया जाता है, राज्यवार नहीं। वर्ष 2019 से पश्चिम बंगाल राज्य सहित विभिन्न खेल संवर्धन स्कीमों के तहत इस मंत्रालय द्वारा आबंटित और जारी की गई धनराशि का विवरण:

(करोड़ रु.)

क्र. सं	वित्तीय वर्ष	आबंटित धनराशि	व्यय की गई धनराशि
1.	2019-20	2000.00	1989.39
2.	2020-21	1313.40	1304.12
3.	2021-22	1993.00	1748.76
4.	2022-23	1907.69	1879.99
5.	2023-24	2380.86	2329.35

(ख) पश्चिम बंगाल राज्य सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम के प्रतिभा पहचान और विकास घटक के तहत पहचाने गए और सहायता प्रदान किए गए एथलीटों का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

****